प्रसार भारती

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 मंगलवार दिनांक 16.12.2025

मुख्य समाचारः–

- केंद्रीय कृषि मंत्री और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज लोकसभा में विकसित भारत – रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक पेश किया।

- बीजापुर जिले में आज सात महिला सहित चौंतीस माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

- राज्य शासन ने ग्यारह आईएएस अधिकारियों के प्रभार में फेरबदल किया–छह जिलों के कलेक्टर भी बदले गए।
- आज विधानसभा में हसदेव अरण्य इलाके में खनन और जल जीवन मिशन के मामले प्रमुखता से गूंजे।

वीबी–रोजगार/आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक

केंद्रीय कृषि मंत्री और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज लोकसभा में विकसित भारत – रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक पेश किया। यह विधेयक महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, यानी मनरेगा का स्थान लेगा। विधेयक विकसित भारत दो हजार सैंतालीस के दृष्टिकोण के अनुरूप एक आधुनिक वैधानिक ढांचा स्थापित करेगा। श्री चौहान ने कहा कि इसके अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार के स्वेच्छा से अकुशल शारीरिक श्रम करने वाले वयस्क सदस्य को एक सौ पच्चीस दिनों का रोजगार सुनिश्चित किया जाएगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

नए विधेयक का उद्देश्य चार प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के माध्यम से रोजगार और टिकाऊ ग्रामीण अवसंरचना का निर्माण करना है। इनमें जल संबंधी कार्यों के माध्यम से जल सुरक्षा, ग्रामीण बुनियादी ढांचा, आजीविका संबंधी अवसंरचना और मौसमी घटनाओं से निपटने के लिए विशेष कार्य शामिल हैं। नए विधेयक का उद्देश्य श्रमिकों को अधिक कार्यदिवसों की गारंटी, बेहतर मजदूरी, मजबूत सुरक्षा और अधिक पारदर्शी कार्यान्वयन तंत्र प्रदान करना है।

माओवादी आत्मसमर्पण

बीजापुर जिले में आज सात महिला सहित चौंतीस माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन माओवादियों ने आत्मसमर्पण के दौरान अपने हथियार भी सौंपे। जिले के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले छब्बीस माओवादियों पर कुल चौरासी लाख रूपये का इनाम घोषित था।

आत्मसमर्पण करने वाले सभी माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पचास–पचास हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

आईएएस–तबादला

राज्य शासन ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के ग्यारह अधिकारियों के प्रभार में फेरबदल किया है। इनमें छह जिलों के कलेक्टर भी शामिल हैं। कोरबा कलेक्टर अजीत वसंत को सरगुजा का कलेक्टर बनाया गया है। वहीं, दंतेवाड़ा कलेक्टर कुणाल दुदावत अब कोरबा के कलेक्टर होंगे। इसी प्रकार, सुकमा कलेक्टर देवेश ध्रुव को दंतेवाड़ा और नारायणपुर की कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई बेमेतरा की कलेक्टर होंगी। नम्रता जैन को नारायणपुर और अमित कुमार को सुकमा कलेक्टर का प्रभार दिया गया है।

स्वच्छता दीदी–मानदेय

राज्य शासन ने प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकायों में कार्यरत् स्वच्छता दीदियों के सालभर के मानदेय के लिए तिरानवे करोड़ साठ लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। उपमुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद इसकी मंजूरी के आदेश जारी किए गए हैं। इस राशि से नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में काम कर रही नौ हजार सात सौ पचास स्वच्छता दीदियों के अगले वर्ष तीस सितंबर तक का मानदेय सुनिश्चित हो गया है। स्वच्छता दीदियों को हर महीने आठ हजार रूपये के मान से भुगतान किया जाएगा।

भाजपा–पिछड़ा वर्ग मोर्चा

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई ने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारियों के नामों की घोषणा कर दी है। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू ने चौंतीस जिला अध्यक्षों, उनतीस प्रदेश पदाधिकारियों, उनहत्तर प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों और पच्चीस विशेष आमंत्रित सदस्यों के साथ ही पांच संभाग प्रभारियों की सूची जारी की है।

विधानसभा सत्र–तीसरा दिन

राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन आज सदन में हसदेव अरण्य इलाके में खनन, जल जीवन मिशन और औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा मानकों के उल्लंघन के मामले प्रमुखता से उठे। इसके अलावा आज सदन में प्रथम अनुपूरक बजट पर भी चर्चा हो रही है।
पेश है यह रिपोर्ट –

विधानसभा सत्र–तीसरा दिन–02

सदन में आज जल जीवन मिशन के मुद्दे पर सत्तापक्ष के विधायक धरमलाल कौशिक ने सरकार को घेरा। उन्होंने भुगतान में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि बिना कार्य पूरा हुए ही ठेकेदार को भुगतान कर दिया गया है। इस पर विभागीय मंत्री अरूण साव ने कहा कि योजना के तहत सत्तर प्रतिशत तक ही भुगतान हुआ है। कहीं भी पूरा भुगतान नहीं किया गया है।

वहीं, जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव ने आज सदन में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल और महारानी अस्पताल में कैंसर क्लीनिक के निर्माण का मुद्दा उठाया। जवाब में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि जनवरी महीने में इस अस्पताल का निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

सदन में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक हर्षिता बघेल ने सवाल किया कि डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में राजनांदगांव और खैरागढ़ जिले की कितनी सड़कें मरम्मत योग्य हैं। विभागीय मंत्री अरूण साव ने कहा कि अड़तालीस सड़कें मरम्मत योग्य हैं, जिनमें से उनतालीस सड़कों का टेंडर हो गया है। वहीं, पांच सड़कों का काम शुरू नहीं हुआ है। इस पर कांग्रेस विधायक ने विभागीय मंत्री द्वारा गलत जानकारी देने की बात कही।

वहीं, भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला ने राशन कार्ड में गड़बड़ी के मामले में अपनी ही सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि सामान्य राशन कार्ड से नाम हटाकर गरीबी रेखा के नीचे के राशन कार्ड बनाए जा रहे हैं। इस मामले में सरकार की ओर से एफआईआर भी दर्ज कराई गई है।

जवाब में विभागीय मंत्री ने कहा कि उन्नीस राशन कार्डों में गड़बड़ी पाई गई थी। इस पर भाजपा विधायक अजय चंद्राकर और धर्मजीत सिंह ने इसे गंभीर मामला बताते हुए जांच की मांग की।

विधानसभा सत्र–तीसरा दिन–03

विधानसभा में आज भाजपा सदस्य अजय चंद्रकार, धर्मजीत सिंह, अनुज शर्मा और नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से राज्य की औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा मानकों के उल्लंघन का मुद्दा उठाया।

अजय चंद्रकार ने आरोप लगाया कि राज्य की औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा मानकों का उल्लंघन हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य की औद्योगिक इकाइयों में लगातार हो रही घटनाएं चिंता का विषय हैं।

अपने जवाब में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि पिछले वर्ष उद्योग और वाणिज्य विभाग द्वारा कई औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण कर नियमों का उल्लंघन करने वाले उद्योगों पर संतानवे लाख रूपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। वहीं, इस साल नौ सौ सोलह औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण किया गया, जिसमें से दो सौ छियासठ इकाइयों पर आपराधिक मामले दर्ज किए गए। वहीं, पांच करोड़ छियासठ लाख रूपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया है।

भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह द्वारा राज्य की सभी औद्योगिक इकाइयों में अग्नि सुरक्षा ऑडिट कराने की मांग पर उद्योग मंत्री ने औद्योगिक इकाइयों में अग्नि सुरक्षा ऑडिट कराने की घोषणा की।

राज्य विधानसभा में आज अनुपूरक बजट पर चर्चा जारी है। कल पेश किए गए अनुपूरक बजट पर आज सदन में हुई चर्चा में सत्तापक्ष और विपक्ष के अनेक विधायकों ने भाग लिया।

शीतकालीन सत्र के चौथे दिन कल सत्रह दिसंबर को विधानसभा में वंदेमातरम पर विशेष चर्चा होगी।

विधानसभा परिसर से अभिषेक कुमार की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं शुभ्रा भट्टाचार्य।

<u>नितिन नबीन–मुलाकात</u>

भारतीय जनता पार्टी के नव–नियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से आज राजनांदगांव सांसद और प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता संतोष पांडेय, राज्य अक्षय ऊर्जा विकास निगम के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह सवन्नी, राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा और प्रदेश मंत्री हर्षिता पांडेय ने नई दिल्ली में भेंटकर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।